अमर उजाला 08/09/2024

साइबर सुरक्षा के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

साइबर सुरक्षा व्याख्यान में पहुंचे विद्यार्थी। संवाद

अंबाला। जीएमएन कॉलेज की एनएसएस यूनिट की ओर से साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन होने वाली अप्रिय घटनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि आज ऑनलाइन ठगी पूरे जोर पर है। विभिन्न राज्यों में कई तरह के असामाजिक गिरोह काम कर रहे हैं और न जाने कितने ही भोले-भाले लोगों को विशेष तौर पर वित्तीय हानि का शिकार बनाते हैं। आज के इस डिजिटल युग में इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी एवं ज्ञान ही सहायक सिद्ध हो सकता है। मुख्य वक्ता डॉ उपेंद्र कौर ने बताया कि आज हमें पग -पग पर संभलने एवं सचेत होने की जरूरत है। हम सभी जरूरत पड़ने पर कई जगह पर अपना आधार कार्ड नंबर एवं पैन कार्ड नंबर साझा करते हैं जिसका खामियाजा हमें भविष्य में भुगतना पड़ता है। हमें कभी भी अपना कोई भी निजी पासवर्ड या फोन नंबर पर आए ओ टी पी को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। संवाद